वर्ष 28 अंक 63
पृष्ठ 18+6=24
नई दिल्ली, सोमवार
18 सितंबर 2017
नोएडा
मूल्य ₹ 4.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक जागरण

# चिरैया का पांचवां सत्र शुरू

**जागरण सं, ग्रेटर नोएडा:** सांसद आदर्श ग्राम नीमका में निर्धन छात्राओं के लिए संचालित होने वाली प्रोत्साहन प्रोजेक्ट चिरैया के पांचवें सत्र का रविवार को शुभारंभ हुआ। इस प्रोजेक्ट को बिरला इंस्टिट्यूट और रंगनाथन सोसायटी फॉर सोशल वेलफेयर एंड लाइब्रेरी डेवलपमेंट संचालित कर रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर शुरू किए गए सत्र में तीस बच्चियों ने प्रवेश लिया है। इस अवसर पर बच्चियों ने कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुई एसपी देहात सुनीति से सवाल किए। कार्यक्रम में ओस्मानिया विश्वविद्यालय के लाइब्रेरी साइंस के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. लक्ष्मण राव और अलीगढ मुस्लिम विश्विद्यालय के प्रोफेसर मासूम रजा भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में चतुर्थ सत्र की बच्चियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। बीस को छात्रवृति व तीस बच्चियों को रद्दी के कागज से बनाये हुए नोट पेड ,डायरी एवं फूलों के गुलदस्ते बनाने में बेहतरीन कार्य करने के लिए पुरस्कार दिया गया।

रंगनाथन सोसायटी के सचिव डॉ. ऋषि तिवारी ने प्रोजेक्ट की भावी योजनाओं कों प्रस्तुत किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान अरविंद के अलावा आशा कुमारी, प्रशिक्षक सुजाता, काजल, रेनू सिंह, जुबैदा खातून आदि मौजूद रहे।